# अमेरिकी फेडरल रिज़र्व द्वारा ब्याज दर में कटौती और इसके निहितार्थ

## प्रिलिम्स के लिये:

[मुद्रास्फीति](), [रूस-यूक्रेन संघर्ष](), [बेरोज़गारी](), [मंदी](), [कैरी ट्रेड्स](), [प्रत्यक्ष विदेशी निवेश](), [भारतीय रिज़र्व बैंक](), [मुद्रास्फीति लक्ष्य](), **फिलिप्स वक्र**

## मेन्स के लिये:

भारत जैसे उभरते बाज़ारों पर अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की नीतियों का प्रभाव, मुद्रास्फीति बनाम रोज़गार, वैश्विक आर्थिक रुझानों पर भारत की मौद्रिक नीति प्रतिक्रिया

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **यूनाइटेड स्टेट्स (US) फेडरल रिज़र्व ने** अपनी बेंचमार्क **ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की है जो** कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से पहली प्रमुख कटौती है। यह कदम आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए मुद्रास्फीति से निपटने के लिये एक रणनीतिक दृष्टिकोण का संकेत है।

- **नोट:** अमेरिकी फेडरल रिज़र्व अमेरिकी अर्थव्यवस्था में **अधिकतम रोज़गार, स्थिर कीमतों** और मध्यम दीर्घकालिक ब्याज दरों को बढ़ावा देने के लिये देश की मौद्रिक नीति का प्रबंधन करता है।


## अमेरिकी फेडरल रिज़र्व ने ब्याज दरों में कटौती क्यों की?

- **महामारी के बाद आर्थिक सुधार:** कोविड-19 महामारी के बाद फेडरल रिज़र्व ने अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिये ब्याज दरों में कटौती की। हालाँकि **वैश्विक आपूर्ति शृंखला व्यवधानों** (रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण) सहित विभिन्न कारकों के कारण मुद्रास्फीति **बढ़ने पर** फेडरल रिज़र्व ने बढ़ती कीमतों की प्रतिक्रिया में दरें बढ़ा दीं।
- **मुद्रास्फीति में कमी:** वर्ष 2023 के मध्य तक मुद्रास्फीति स्थिर (**फेडरल रिज़र्व के 2% के लक्ष्य की ओर अग्रसर)** होने लगी।
- हाल के रोज़गार आँकड़ों से पता चला है कि **उच्च ब्याज दरें रोज़गार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं,** अगस्त 2024 में **अमेरिका में बेरोज़गारी दर 4.2% तक बढ़ गई। इससे संभावित** मंदी के बारे में चिंताएँ बढ़ गईं जिससे फेडरल रिज़र्व को मूल्य स्थिरता के साथ-साथ रोज़गार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रेरणा मिली।
- **दोहरा अधिदेश**: फेडरल रिज़र्व **स्थिर कीमतें बनाए रखने और अधिकतम रोज़गार प्राप्त करने के दोहरे अधिदेश के तहत कार्य करता है।** जैसे-जैसे आर्थिक परिदृश्य विकसित हुआ, यह स्पष्ट हो गया कि **ब्याज दरों में कटौती से इन उद्देश्यों को संतुलित करने में मदद मिलेगी।**
- **अमेरिका के लिये निहितार्थ:**
  - **दरों में कटौती करके अमेरिका मुद्रास्फीति के दबाव को संतुलित किया जा सकता है। हालाँकि मुद्रास्फीति में कमी आई है लेकिन केंद्रीय बैंक अपनी लक्षित दर को 2% के आसपास बनाए रखने पर केंद्रित है ताकि अर्थव्यवस्था के लिये "सॉफ्ट लैंडिंग" की कोशिश की जा सके।**
  - कम ब्याज दरें आमतौर पर व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिये ऋण को सस्ता बनाती हैं। बेरोज़गारी बढ़ने के आलोक में फेड, मूल्य स्थिरता के साथ-साथ रोज़गार सृजन को प्राथमिकता दे रहा है।
  - ब्याज दरों में कटौती से **व्यवसायों की उधारी लागत कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे संभावित रूप से** आर्थिक संवृद्धि हो सकती है।

## मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी किस प्रकार संबंधित हैं?

- **व्युत्क्रम सहसंबंध:** सामान्यतः मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी विपरीत रूप से संबंधित हैं- एक के बढ़ने पर दूसरे में कमी आती है।
  - कम बेरोज़गारी की अवधि के दौरान **मजदूरी में वृद्धि होती है** क्योंकि नियोक्ता श्रमिकों को आकर्षित करने के लिये उच्च मजदूरी देते हैं, जिससे अंततः कीमतें बढ़ जाती हैं।

        - इसके वपिरीत **उच्च बेरोज़गारी के समय में** मजदूरी में वृद्धि नहीं होती है **जिससे मुद्रास्फीति में कमी आती है।**
- **फिलिप्स वक्र**: [फिलिप्स वक्र](#) (सर्वप्रथम 1950 के दशक में ए.डब्लू. फिलिप्स द्वारा सुझाया गया था) **किसी अर्थव्यवस्था की बेरोज़गारी दर और मुद्रास्फीति दर** के बीच वपिरीत संबंध को दर्शाता है।
    - फिलिप्स वक्र से पता चलता है कि **कम बेरोज़गारी अवधि के दौरान श्रम की उच्च मांग से मजदूरी में वृद्धि होने से** मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है।
        - इस मॉडल का व्यापक रूप से मौद्रिक नीति में उपयोग किया जाता है (विशेष रूप से मुद्रास्फीति और रोज़गार के स्तर को संतुलित करने में)।




## फेडरल रिज़र्व की ब्याज दर में कटौती से भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

- **उभरते बाज़ारों पर प्रभाव:** वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका में न्यून ब्याज दर के कारण [कैरी ट्रेड](#) **के माध्यम से भारत जैसे देशों में निवेश करना अधिक आकर्षक हो गया है।**
    - कैरी ट्रेड एक ऐसी रणनीति है जिसमें **निवेशक ([विदेशी संस्थागत निवेशक](#)) अमेरिका (जहाँ ब्याज दरें कम हैं) से पैसा ऋण के रूप में लेते हैं** और उसे वहाँ निवेश करते हैं जहाँ दरें अधिक होती हैं, जिससे अंतर पर लाभ मिलता है।
- **सीमित प्रभाव:** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि **ब्याज दरों में कटौती से पूंजी की डॉलर लागत कम हो सकती है और तरलता में वृद्धि हो सकती है, लेकिन** इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये एकमात्र समाधान के रूप में नहीं देखा जा सकता है।
- **विदेशी निवेश में वृद्धि: अमेरिका में कम ब्याज दरें वैश्विक निवेशकों को अमेरिका में ऋण लेने और भारत में निवेश करने के लिये प्रोत्साहित कर सकती हैं। यह प्रवाह [प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)](#) या अमेरिका से ऋण** के रूप में हो सकता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये अति आवश्यक पूंजी प्रदान करेगा।
- **शेयर बाज़ार की धारणा:** ब्याज दरों में कटौती ने [भारतीय शेयर बाज़ार](#) **में निवेशकों के ध्यान को आकर्षित किया है,** जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद निवेशकों के बीच सकारात्मक अवधारणा को दर्शाता है।
- **कच्चे तेल की कीमतें:** जब अमेरिकी डॉलर कमज़ोर होता है, तो **अन्य मुद्राओं के धारकों के लिये तेल सस्ता हो जाता है**, जिससे मांग में वृद्धि होने के साथ ही कीमतों में भी वृद्धि देखने को मिल सकती है।
- **तेल की बढ़ी हुई कीमतों से भारत की ऊर्जा आयात लागत बढ़ सकती है और संभवतः भारत में मुद्रास्फीति में पुनः वृद्धि देखी जा सकती है।**
- **मुद्रा विनिमय दरों पर प्रभाव**: भारतीय रुपए समेत अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर के कमज़ोर होने से **भारतीय निर्यातकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जबकि आयातकों को लाभ हो सकता है।**
- **RBI की प्रतिक्रिया**: [भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)](#) पर ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव है, हालाँकि यह फेडरल रिज़र्व की तुलना में **अलग [मुद्रास्फीति लक्ष्यों और आर्थिक अधिदेशों के तहत कार्य करता है](#)।**
    - RBI का ध्यान [सकल घरेलू उत्पाद (GDP)](#) वृद्धि पर अधिक है और वह अमेरिकी बेरोज़गारी आँकड़ों से उतना प्रभावित नहीं होता है।

## संघीय टेपरिंग

- फेडरल टेपरिंग से तात्पर्य उस प्रक्रिया से है जिसके द्वारा फेडरल रिज़र्व धीरे-धीरे **अपनी वृहद् स्तरीय परिसंपत्ति क्रय को कम करता है**, यह

एक मौद्रिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग प्रायः आर्थिक संकटों के दौरान किया जाता है।

- इस रणनीति, जो आमतौर पर **मात्रात्मक सहजता (QE) से संबंधित है,** का उद्देश्य ब्याज दरों को कम करके और **वित्तीय बाज़ारों में तरलता बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना है।**
- टेपरिंग का उद्देश्य संकट के दौरान प्रदान किये गए कुछ आर्थिक प्रोत्साहन को वापस लेना है, तथा अधिक सामान्यीकृत मौद्रिक नीति की ओर संक्रमण करना है।

## भारत की रेपो दर

- RBI **ने 50 वीं मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक** में नीतिगत **रेपो दर को 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।**
  - यह निर्णय आर्थिक विकास को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने के प्रति समिति के दृष्टिकोण को दर्शाता है।
  - MPC का प्राथमिक उद्देश्य मुद्रास्फीति को **+/- 2% अंकों** की सहनशीलता सीमा के साथ **4.0% की लक्ष्य दर के अनुरूप लाना है।**

***??????? ?????? ???????? ???????:***

**प्रश्न:** अमेरिकी फेडरल रिज़र्व की ब्याज दर में कटौती के भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***??????????***

**प्रश्न. भारतीय सरकारी बॉन्ड प्रतिफल निम्नलिखित में से किससे/किनसे प्रभावित होता है? (2021)**

1. यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिज़र्व की कार्रवाई
2. भारतीय रिज़र्व बैंक की कार्रवाई
3. मुद्रास्फीति एवं अल्पावधि ब्याज दर

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।**

**(a)** केवल 1 और 2
**(b)** केवल 2
**(c)** केवल 3
**(d)** 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/us-federal-reserve-s-rate-cut-and-implications